Printed Pages—3

**3 (Sem–6) HIN M 2**

# 2015

## HINDI

( Major )

Paper : 6.2

**( Bhashavijnan )**

*Full Marks* : 60

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) भाषा की किसी एक विशेषता का उल्लेख कीजिए।

(ख) 'व्यक्ति बोली' कहने से आप क्या समझते हैं?

(ग) भाषा-विज्ञान के किस भेद को 'बहुकालिक भाषा-विज्ञान' भी कहा जा सकता है?

(घ) व्याकरण का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(ङ) अग्र स्वर-ध्वनि किसे कहते हैं?

(च) प्रयत्न की दृष्टि से 'ल' किस प्रकार की व्यंजन-ध्वनि है?

(छ) "मेरे पिताजी कल आ रहे हैं।" इस वाक्य की संरचना पर किस भाषा का प्रभाव है?

**2.** संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) भाषा के विविध रूपों में से किन्हीं दो रूपों पर प्रकाश डालिए।

(ख) भाषा-विज्ञान की परिभाषा दीजिए।

(ग) अर्थसंकोच किसे कहते हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(घ) हिन्दी वाक्य-रचना के सन्दर्भ में ध्यान देने योग्य दो महत्त्वपूर्ण बातों का उल्लेख कीजिए।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) भाषा की उत्पत्ति विषयक किसी एक सिद्धान्त पर आलोकपात कीजिए।

(ख) समाज-विज्ञान के साथ भाषा-विज्ञान का सम्बन्ध निरूपित कीजिए।

(ग) ध्वनि-परिवर्तन के पाँच कारणों का उदाहरण सहित उल्लेख कीजिए।

(घ) वाक्य में सम्बन्ध तत्त्वों की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

(ङ) अर्थबोध के प्रमुख साधनों पर संक्षेप में आलोकपात कीजिए।

**4.** भाषा के विभिन्न रूपों पर सम्यक् प्रकाश डालिए। 10

**अथवा**

भाषा-विज्ञान के अध्ययन के विविध प्रकारों पर आलोकपात कीजिए।

**5.** हिन्दी स्वर ध्वनियों का एक वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए। 10

**अथवा**

उच्चारण स्थान के आधार पर हिन्दी व्यंजन-ध्वनियों को वर्गीकृत कीजिए।



**6.** 'वाक्य' किसे कहते हैं? अर्थ के आधार पर वाक्य रचना के विभिन्न प्रकारों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 10

**अथवा**

'अर्थ' का आशय स्पष्ट करते हुए अर्थ-परिवर्तन की दिशाओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

☆ ☆ ☆